## ज्वेलरी की दुकान में बदमाशों ने किया सोने का हार चोरी

**जयपुर।** माणक चौक थाना इलाके में खरीदारी के बहाने आए युवक-युवतियों ने ज्वैलर्स को बातों में उलझाया एक ज्वेलरी की दुकान में नजर बचाकर सोने का हार चोरी करने का मामला सामने आया है। जानकारी में सामने आया कि सोने के हार उठाकर हाथों के बीच में छिपा लिया और कुछ देर बाद पसंद नहीं आने की कहकर तीनों बदमाश फरार हो गए।

दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज में शातिर चोरों की करतूत कैद हो गई। पुलिस फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि जौहरी बाजार के हल्दियों का रास्ता निवासी ज्वेलर्स किशन अग्रवाल ने मामला दर्ज करवाया है कि उसकी हल्दियों के रास्ते में उसकी गर्ग ज्वेलरी स्टोर के नाम से दुकान है। बाईस जुलाई की दोपहर को वह अपने दो वर्कर्स के साथ दुकान पर बैठा था। जहां ग्राहक बनकर ज्वेलरी खरीदने के बहाने दो युवती व एक युवक दुकान पर आए। सोने के हार व इयररिंग खरीदने के लिए दिखाने के लिए कहा। पसंद के लिए हार-ईयररिंग दिखाने के दौरान ज्वेलर्स व कर्मचारी को उन्होंने बातों में उलझा लिया। गहने दिखाने के दौरान बातों में उलझाकर नजर बचाकर काउंटर पर ट्रे में रखा सोने का हार उठा लिया। हाथों के बीच दबाकर सोने के हार को छिपा लिया।

# 'मिसाइल मैन डॉ. कलाम का संपूर्ण जीवन देश के युवाओं के लिए मार्गदर्शक'

**जयपुर ।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से रविवार को भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि के अवसर पर कलाम को सलाम विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ रहे, वहीं गोष्ठी की अध्यक्षता अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने की तथा विशिष्ठ अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राष्ट्रीय महामंत्री एम.के चिश्ती रहे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने डॉ. कलाम के जीवन को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि मिसाइल मैन डॉ. कलाम का संपूर्ण जीवन देश के युवाओं के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने विज्ञान, तकनीक और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस ने वर्षों तक अल्पसंख्यकों को केवल वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया, लेकिन 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अल्पसंख्यकों के समग्र विकास के लिए ठोस कार्य किए जा रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय की बदलती सोच



**भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि के अवसर पर कलाम को सलाम विचार गोष्ठी का आयोजन किया।**

उन लोगों के लिए जवाब है जो अल्पसंख्यकों के नाम पर राजनीति करते हैं। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि अब वोट बैंक के लिए नहीं, विकास की राजनीति होनी चाहिए। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ ने 51 मुस्लिम युवाओं को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई।

अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री एम.के. चिश्ती ने कहा कि आज जरूरत है कि हम डॉ. कलाम की तरह राष्ट्र को प्रथम रखें। उन्होंने बताया कि भाजपा ने बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ सभी समुदायों तक पहुँचाया है। भाजपा प्रदेश मंत्री भूपेंद्र सैनी ने कहा कि डॉ. कलाम की जीवन गाथा न केवल प्रेरक है, बल्कि यह देश के लिए संकल्प का मार्ग है। इस दौरान अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा मुसलमानों को धोखा दिया है और मुस्लिम समाज को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है। उन्हें धमकाया जाता रहा है, मुसलमानों को पढ़ने लिखने तक

- मोदी के नेतृत्व में अल्पसंख्यकों के समग्र विकास के लिए किए जा रहे है ठोस कार्य : राठौड़

नहीं दिया गया। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मुसलमानों को बिना किसी भेदभाव के सरकारी योजना का लाभ मिल रहा है। गोष्ठी के अंत में वक्ताओं ने डॉ. कलाम के विचारों और कार्यों को आत्मसात करने का आ ान किया और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर जयपुर शहर पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हुसैन खान, प्रदेश प्रभारी जोसेफ जॉन हॉकिंस, भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष चंपालाल गेदर, एसटी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष नारायण मीणा, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एम. सादिक खान, फिरोज खान पूर्व राष्ट्रीय मंत्री रेशमा हुसैन, पूर्व प्रदेश महामंत्री मुनव्वर खान, आदर्श नगर विधानसभा प्रत्याशी रवि नय्यर, आईटी प्रदेश संयोजक मोहम्मद इरशाद हसनपुरा, जयपुर शहर महामंत्री परवेज खान सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।



**शिव के प्रिय महीने सावन में शिव मय हुई छोटी काशी। शिव भक्त कावड़िये जब कावड़ लेकर बोल बम बोलते हुए सहर से निकले तो वातावरण शिव मय हो गया।**

# झालावाड़ हादसा: रिपोर्ट संकलन और निगरानी तेज

**जयपुर।** झालावाड़ के पीपलोदी गांव स्थित राजकीय विद्यालय में हुई दुखद घटना के बाद शिक्षा विभाग ने विद्यालय भवनों की संरचनात्मक स्थिति पर गहनता से काम शुरू कर दिया है। विभाग द्वारा राज्य और ज़िला स्तर पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार समन्वय किया जा रहा है। घटनास्थल पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, शासन सचिव शासन सचिव कृष्ण कुणाल एवं राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अनुपमा जोरवाल सहित वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे थे, और अब पूरे प्रदेश में स्थिति का आकलन कर रिपोर्टिंग प्रक्रिया को गति दी जा रही है।

प्रदेशभर में विद्यालय भवनों की समीक्षा का कार्य तेजी से चल रहा है। अब तक 2255 विद्यालय भवन जर्जर स्थिति में चिन्हित किए जा चुके हैं। सभी ज़िलों को 'कलेक्टर फॉर्मेट' में विद्यालय भवनों की रिपोर्ट 30 जुलाई तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस रिपोर्ट में भवन के प्रत्येक खंड

- विद्यालय भवनों की भौतिक स्थिति पर राज्य स्तरीय समन्वय
- टैगिंग से निगरानी, बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

की स्थिति, आवश्यक मरम्मत/ध्वस्तीकरण, मूलभूत सुविधाएं और संभावित सुरक्षा जोखिमों का विवरण मांगा गया है।

शासन सचिव द्वारा जर्जर भवनों की टैगिंग और ऐप आधारित निगरानी प्रणाली को मंजूरी दी गई है, जिससे भविष्य में राज्य स्तरीय स्तर पर इन भवनों की स्थिति पर रीयल टाइम नजर रखी जा सके। साथ ही जहां आवश्यक हो, वहां तत्कालीन वैकल्पिक कक्षों की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

29 जुलाई तक सभी ज़िला शिक्षा अधिकारियों और परियोजना अधिकारियों को फील्ड में रहकर विद्यालयों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान वे रिपोर्टिंग की गुणवत्ता, सुरक्षा प्रबंधन और हरियालो राजस्थान अभियान की प्रगति की समीक्षा करेंगे।

28 जुलाई को प्रातः 8 बजे सभी विद्यालयों में पौधारोपण कराया जाएगा, जिसे एक प्रतीकात्मक पुनर्निर्माण प्रक्रिया के रूप में देखा जा रहा है। यह न केवल पर्यावरणीय जागरूकता का हिस्सा है, बल्कि बच्चों और स्टाफ के मनोबल को संबल देने की भी एक पहल है।

शासन सचिव कृष्ण कुणाल द्वारा मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया और अस्पताल में भर्ती बच्चों के इलाज की निगरानी की गई। हादसे के तुरंत बाद प्रधानाचार्य सहित पांच शिक्षकों को निलंबित किया गया है। शासन सचिव ने स्पष्ट कहा है कि जहां बच्चों की सुरक्षा का सवाल है, वहां कोई भी लापरवाही या राजनीतिक हस्तक्षेप स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## राज्य स्तरीय वन महोत्सव में कोटा के नवाचारों की मुख्यमंत्री ने सराहना

**कोटा/जयपुर ।** राज्य स्तरीय वन महोत्सव 2025 के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में कोटा जिले की ओर से डीएफओ श्री अपूर्व श्रीवास्तव ने सहभागिता करते हुए जिले की पर्यावरणीय उपलब्धियों, नवाचारों और संरक्षण कार्यों की जानकारी साझा की। डीएफओ श्रीवास्तव द्वारा मुख्यमंत्री को कोटा जिले के गोपाल पक्षी विहार वेटलैंड (कनवास), ड्रोन से बीजारोपण तकनीक, स्थानीय जैव विविधता के संरक्षण, और सार्वजनिक भागीदारी के माध्यम से चलाए जा रहे वृक्षारोपण अभियानों की विस्तृत जानकारी दी गई। उनके द्वारा कोटा में पौधरोपण के लक्ष्य के साथ किए जा रहे कार्यों की प्रस्तुति राज्य स्तर पर दी गई, जिसे मुख्यमंत्री सहित सभी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सराहना प्राप्त हुई। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि कोटा जिले ने नवाचार की दिशा में अग्रसर होते हुए ऐसी विशिष्ट तकनीक विकसित की है, जिससे जलमग्न क्षेत्रों में भी मगरमच्छ जैसे वन्यजीवों का सुरक्षित प्रबंधन संभव हुआ है।

## 'तपस्या से बनती है दिव्य काया'

**कोटा/जयपुर ।** विज्ञान नगर स्थित दिगंबर जैन मंदिर इन दिनों गहन आध्यात्मिक साधना, आत्मचिंतन और धर्मानुराग का केंद्र बना हुआ है। आचार्य विराग सागर महाराज एवं विशुद्ध सागर महाराज की प्रभावना में, गणिनी आर्यिका विभाश्री एवं आर्यिका विनयश्री (ससंघ) के सान्निध्य में 13 पिच्छियों सहित चातुर्मास आयोजन भव्य रूप से चल रहा है। गणिनी आर्यिका विभाश्री ने अपने भक्तामर रहस्य प्रवचन में कहा कि हमें अपने शरीर को केवल भोग-विलास का साधन न मानकर आत्मकल्याण की साधना का माध्यम समझना चाहिए।

# हरियालो राजस्थान अभियान में हेरिटेज निगम ने एक दिन में दो लाख से अधिक पौधे लगाए

**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज जयपुर ने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत हरियाली तीज के अवसर पर लक्ष्य से आगे बढ़ते हुए एक दिन में दो लाख से अधिक पौधे लगा दिए। इस हेरिटेज निगम महापौर कुसुम यादव और आयुक्त डॉ निधि पटेल ने अभियान के तहत डेढ़ लाख पौधरोपण का इनिशिएटिव लिया था, लेकिन एक पेड़ मां के नाम पर लगाने के हेरिटेज निगम के आव्हान पर रविवार को पौधारोपण के लिए ऐसा जान सैलाब उमड़ा कि दोपहर 2 बजे ही हेरिटेज निगम ने डेढ़ लाख पौधरोपण का आंकड़ा पार कर लिया।

इस अभियान को सफल बनाने के लिए हेरिटेज निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल ने योजनाबद्ध तरीके से नेतृत्व किया और निगम के अधिकारियों के साथ टीमवर्क करते हुए आंकड़ा दो लाख के पार कर दिया। सबसे ज्यादा



**हरियाली तीज के अवसर पर लक्ष्य से आगे बढ़ते हुए एक दिन में दो लाख से अधिक पौधे लगाए।**

पौधे सिविल लाइन जोन में लगाए गए। सिविल लाइन जोन के खड्डा पार्क में मुख्य आयोजन किया गया, जहां विधायक गोपाल शर्मा, महापौर कुसुम यादव, आयुक्त डॉ निधि पटेल ने अशोक के पौधा लगाकर प्रकृति की रक्षा का संदेश भी दिया। इस सभी पौधों को जिओ टैगिंग भी की गई है। इस दौरान

- हेरिटेज निगम के चारों जोन में एक पेड़ मां के नाम पर पौधा लगाने उमड़ा जनसैलाब
- महापौर कुसुम यादव और आयुक्त डॉ निधि पटेल ने वार्ड 50 में लगाए पौधे, विधायक गोपाल शर्मा भी रहे मौजूद

चेयरमैन पवन शर्मा नटराज, पूनम शर्मा, अतिरिक्त आयुक्त सुरेंद्र यादव, उपायुक्त स्वास्थ्य देवानंद शर्मा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रवण कुमार वर्मा सहित अन्य निगम अधिकारी और श्याम नगर विकास समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जीतमल पंचारिया को मिला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान

**जयपुर।** राजस्थान के नागौर जिले के एक छोटे से गांव में जन्मे जीतमल पंचारिया को उनके सामाजिक-जनकल्याणकारी और राजनीतिक क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है। इटली के कोनड विश्वविद्यालय द्वारा उन्हें डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह राजधानी दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित किया गया।

डॉ. जीतमल पंचारिया ने इस अवसर पर कहा, "यह सम्मान मेरे राजनीतिक, सामाजिक और एक सोशल वर्कर के रूप में जनसेवा के कार्यों को वैश्विक पहचान मिलने का प्रतीक है।

वह इस उपलब्धि को अपने माता-पिता, परिवार, धर्मपत्नी और बच्चों के सहयोग को समर्पित करते है। अगर उनका साथ नहीं होता तो यह मुकाम केवल एक ख्वाब ही रह जाता।"

उन्होंने आगे कहा, "माँ और पिता की प्रेरणा और परिवार के अटूट सहयोग

- यह सम्मान समारोह राजधानी दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित किया गया
- राजनीतिक क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला

ने ही मुझे इस लायक बनाया। कोनड विश्वविद्यालय की ज्यूरी के सभी सदस्यों का वहदिल से आभार प्रकट करते है। , जिन्होंने मुझे इस सम्मान के लायक समझा।"डॉ. पंचारिया ने यह सम्मान समाज के हर उस व्यक्ति को समर्पित किया, जिसने उनके जीवन के इस संघर्षपूर्ण सफर में विश्वास और सहयोग का हाथ बढ़ाया।



**झालावाड़ में हुई स्कूल दुर्घटना को लेकर आर.यू. में शिक्षा मंत्री का पुतला दहन किया।**

# शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने विभाग के अधिकारियों की बैठक ली

**जयपुर।** 2 दिन पहले झालावाड़ जिले के मनोहर थाना में स्कूल की छत गिरने से हुए दर्दनाक हादसे को लेकर आज शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने शिक्षा विभाग एवं पंचायती राज विभाग के आला अधिकारियों के साथ बैठक ली। बैठक में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो इसको लेकर किए जाने वाले उपायों पर विचार किया गया तथा भविष्य की योजना बनाने की निर्देश दिए गए।

प्रदेश के सभी स्कूलों का जिला कलेक्टर के माध्यम से सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे में जो विद्यालय भवन जर्जर अवस्था में पाए जाएंगे उन भवनों पर लाल रंग से क्रॉस का निशान लगाकर उन्हें बंद किया जाएगा। जर्जर पाए गए भवनों को प्राथमिकता के आधार पर जमीन दोज़ किया जाएगा तथा वहां पर वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए कंटेनर लगाकर कक्षाएं संचालित की जाएंगी। आवश्यकता अनुसार नए भवनों में भी



**शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ( बांये ) ने बैठक ली**

कंटेनर कक्षा लगाने का विचार किया जाएगा।सर्वे के अनुसार सभी जर्जर भवनों तथा मरम्मत योग्य भवनों का आधारित बनाया जाएगा। जिसे शाला दर्पण से लिंक किया जाएगा तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का प्रयोग किया जाएगा जिससे भवन की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बजट प्रावधान किए जाएंगे।आपदा प्रबंधन कोष से बरसात की विभीषिका को देखते हुए आपदा राहत मद के तहत 170 तहसीलों के 7500 स्कूलों में मरम्मत हेतु डेढ़ सौ करोड रुपए के प्रस्ताव स्वीकृत किए जाएंगे। ताकि क्षितग्रस्त भवनों की मरम्मत कर उन्हें सुरक्षित बनाया जा सके।स्कूल भवन ऑन के

- अब विद्यालय के भवनों का होगा क्वालिटी चेक
- जर्जर भवनों को चिन्हित कर जमींदोज किए जाने का निर्णय

निर्माण में गुणवत्ता नियंत्रण के लिए समग्र शिक्षा में एक प्रकोष्ठ का गठन किया जाएगा। तथा जिलों में होने वाले निर्माण की गुणवत्ता की जांच पीडब्ल्यूडी के गुणवत्ता जांच प्रयोगशालाओं से कराया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।घटिया निर्माण को रोकने के लिए सख्त प्रावधान करते हुए शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने निर्देश दिए की निर्माण कार्य की गुणवत्ता घटिया पाए जाने पर निर्माण करता ठेकेदार सहित संबंधित अभियंता की जिम्मेदारी तय करते हुए उनसे वसूली की जाएगी।

## दूधाधारी मंदिर से कावड़ यात्रा निकाली

**कोटा/जयपुर ।** श्री हनुमान भक्त मंडल के तत्वावधान में दूधाधारी मंदिर लाडपुरा से कावड़ यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम संयोजक प्रदीप लोहमी ने बताया कि कावड़ यात्रा दूधाधारी मंदिर से प्रारंभ होकर ढोल बाजे के साथ छोटी समाध, शिव मंदिर तक गई। वहां पहुंचकर सभी महिलाओं ने शिवजी का जलाभिषेक किया। उसके पश्चात सभी कावड़ यात्री जल लेकर दूधाधारी मंदिर गए तथा वहां पर सभी ने शिव जी का जलाभिषेक किया। महिला प्रमुख मनोरमा राठौर ने बताया कि कावड़ यात्रा में शिव पार्वती जी की झांकी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही।


## सार-समाचार

### धूमधाम से मनाया सिंजारा और तीज पर्व



**जयपुर।** हरियाली तीज और सिंजारा के पारंपरिक त्योहार को खास अंदाज़ में मनाने के लिए माथुर सभा, जयपुर की महिला विंग ने रविवार को एम.आई. रोड स्थित होटल सरोवर पोर्टिको में एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। इस आयोजन में महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में शामिल होकर त्योहार की रौनक को और बढ़ा दिया। कार्यक्रम की शुरुआत सभा की अध्यक्ष, डॉ. दीपा माथुर और सांस्कृतिक सचिव मधु माथुर द्वारा सभी महिलाओं को गजरा भेंट कर स्वागत से हुई। मंच संचालन और आयोजन की जिम्मेदारी ऋतु माथुर और रेणु माथुर ने निभाई। महिलाओं ने तीज से जुड़े पारंपरिक गीतों और नृत्यों की सुंदर प्रस्तुतियां दीं, जिससे माहौल पूरी तरह से सावन के रंग में रंग गया। खास आकर्षण रहा "तीज थीम पर हाउजी", जिसमें सभी महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में हरियाली और पर्यावरण संरक्षण पर भी चर्चा हुई और तय किया गया कि आने वाले दिनों में वृक्षारोपण किया जाएगा, ताकि तीज का पर्व सिर्फ उत्सव नहीं, एक सामाजिक संदेश भी बन सके। महिलाओं ने झूलों की सवारी का आनंद लिया, पारंपरिक घेवर और अन्य स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद चखा। कार्येक्रम के अंत में प्रतियोगिताओं में विजेता महिलाओं को सभा अध्यक्ष द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का समापन सभा की सांस्कृतिक सचिव द्वारा आभार प्रकट करते हुए हुआ।

### साइंसपार्क ऑडिटोरियम में संजोई जाएगी नृत्य संध्या



**जयपुर।** संगीत आश्रम संस्थान की ओर से रविवार को तीन दिवसीय संगीत समारोह का आगाज हुआ। समारोह के पहले दिन मशहूर सीनियर फनकार पं.हरिहरशरण भट्ट का सुरीला सितार वादन हुआ। उन्होंने अपने कार्यक्रम की शुरुआत में राग मेघ मल्हार के सुरों की बौछार कर श्रोताओं को जमकर भिगोया। उन्होंने अपने कमाले फन से सितार साज पर सुरों की खूबसूरत आईनबंदी कर राग मेघ मल्हार के शृंगार कर सावन माह का नैसर्गिक सौन्दर्य छलकाया। जोड़, झाला और आलाप के उम्दा प्रदर्शन में सुरों के खूबसूरत लगाव, ठहराव से कलाकार पं.हरिहरशरण भट्ट ने मौजूद दानिशमंद श्रोताओं के दिलों को छू लिया। उन्होंने रुपक ताल में निबद्ध राग मेघ मल्हार की बंदिश की सलोनी प्रस्तुति में बादलों के बरसने की अकुलाहट को शिद्दत से महसूस कराया। तीनों गतों के सुन्दर समावेश के साथ तंत्रकारी और गायकी अंग के उम्दा प्रदर्शन ने माहौल में शास्त्रीय संगीत की मिठास घोल दी। इसके बाद उन्होंने राग मिश्र खमाज की प्रस्तुति में सुरों का झरना बहाया। फिर आखिर में इस आला फनकार ने राग भैरवी की सुरीली धुन पेश कर अपने कार्यक्रम को विराम दिया। तबले पर पीयूष राव ने सधी हुई संगत से कार्यक्रम की आबोताब बढ़ाई।

### जयपुर पुलिस कमिश्नरेट परिसर में पुलिस कमिश्नर ने किया पौधारोपण



**जयपुर।** पुलिस कमिश्नरेट परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने पौधारोपण किया और पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। जोसफ ने बताया कि हमारे जीवन में वृक्षों का महत्वपूर्ण स्थान है। वृक्ष हमें शुद्ध प्राणवायु उपलब्ध कराते है, प्रदूषण को रोकते है, पानी के बहाव एवं कटाव को रोकते है तथा पर्यावरण के संतुलन को बनाने में सहायक होते है। वृक्षारोपण से प्रकृति का संतुलन भी बना रहता है। उन्होंने पुलिस कमिश्नरेट के लॉन को सदा हरीतिमा से आच्छादित रखने एवं हरियाली के लिए सभी को मिलकर प्रयास किए जाने पर जोर दिया। पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस कमिश्नर के साथ ही अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (प्रथम ) मनीष अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त शिल्पा चौधरी, सीताराम प्रजापत, प्यारेलाल सहित अधिकारियों ने भी पौधारोपण किया।

### हाथ की नस काटकर छात्र तीसरी मंजिल से कूदा

**जयपुर।** हरमाड़ा थाना इलाके में से शनिवार रात हाथ की नस काटकर छात्र घर की तीसरी मंजिल को नीचे छत पर कूद गया। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने रविवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के हवाले कर दिया गया। फिलहाल पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी है। जांच अधिकारी एएसआई प्रमोद कुमावत ने बताया कि हरमाड़ा के शिवा नगर निवासी रोहन चौधरी (22) पुत्र शीशराम चौधरी ने आतमहत्या की है। जो कॉम्पिटिशन एग्जाम की तैयारी कर रहा था। जो शनिवार रात को खाना खाने के बाद तीसरी मंजिल पर बने अपने कमरे में चला गया। जिसने देर रात उसने छत पर ब्लेड से अपने हाथ की नसें काट ली। इसके बाद तीसरी मंजिल ऊंचाई से घर के पीछे पड़ोसी की छत पर छलांग लगा दी। रविवार सुबह घर के पीछे रहने वाले अशोक यादव ने पड़ोसी के बंद पड़े घर की छत पर रोहन को पड़ा देखा। उसने मंदिर गई उसकी मां करे फोन कर घटना की जानकारी दी। जहां मौके पर पहुंची मां सहित परिजन पड़ोसी की छत पर पहुंची,लेकिन जब तक रोहन की मौत हो चुकी थी। रोहन के आर्मी से रिटायर्ड पिता शीशराम सीकर के कल्याणपुरा गांव गए थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) टीम की मदद से सबूत जुटाए। पुलिस ने युवक के पास किसी प्रकार का सुसाइड नोट मिलने की बात से इनकार किया है। वहीं पुलिस को घर की तीसरी मंजिल पर रखी पानी की टंकी पर मोबाइल रखा मिला है। एक ब्लेड भी छत पर पड़ी मिली, दीवारों पर खून के निशान भी है। पुलिस का मानना है कि रोहन ने ब्लेड से अपने हाथ की नसें काट ली। खून निकलने के साथ ही दर्द असहनीय होने पर उसने 22 फीट ऊंचाई से पड़ोसी की छत पर छलांग लगा दी। नीचे गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।